# MP BOARD CLASS 10 HM SOCIAL SCIENCE MODEL PAPER SET 7 2020

म.प्र. बोर्ड कक्षा 10 HM सामाजिक विज्ञान मोडल पेपर सेट 7 2020

समय : 3 घण्टे प्रणांक: 100

निर्देश- 1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

2. प्रश्न-पत्र में दो खण्ड दिये गये हैं खण्ड 'अ' और खण्ड 'ब'।

3. खण्ड 'अ' में दिये गये प्रश्न 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ एवं अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है।

4. खण्ड 'ब' में प्रश्न क्रमांक 6 से 26 तक में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

5. प्रश्न क्रमांक 6 से 10 तक के प्रश्नों में 2 अंक आबंटित हैं।

6. प्रश्न क्रमांक 11 से 14 तक के प्रश्नों में 3 अंक आबंटित हैं।

7. प्रश्न क्रमांक 15 से 21 तक के प्रश्नों में 4 अंक आबंटित हैं।

8. प्रश्न क्रमांक 22 से 26 तक के प्रश्नों में 5 अंक आबंटित हैं।

खण्ड 'अ

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्रश्न 1. सही विकल्प चुनकर लिखिए-

1. 'कत्था बनता है-

(क) बबूल से (ख) खजूर से (ग) खैर से (घ) चन्दन से।

2. कपास की खेती के लिए उपयुक्त मिट्टी है

(क) लाल मिट्टी (ख) जलोढ़ मिट्टी (ग) लैटेराइट मिट्टी (घ) काली मिट्टी।

3. 1857 के संग्राम के समय भारत में गवर्नर जनरल थे-

(क) डलहौजी (ख) बैंटिक (ग) कैनिंग (घ) रिपन।

4. लाखों शरणार्थी किस देश से भारत आ गए हैं

(क) श्रीलंका (ख) बांग्लादेश (ग) पाकिस्तान (घ) चीन।

5. हथियारों की दौड़ का संबंध है

(क) गरीबी से (ख) बेरोजगारी से (ग) आतंकवाद से (घ) अशिक्षा से।

उत्तर- 1.(ग), 2. (घ), 3. (ग), 4.(ख), 5. (ग)।

प्रश्न 2. एक शब्द/वाक्य में उत्तर दीजिए-

1. आधारभूत उद्योग कहा जाता है।

2 रोलेट एक्ट का कोई एक उद्देश्य लिखिए।

3. भारत में बैंकों का राष्ट्रीयकरण कब हुआ ?

4. हमारे देश में कोयले का कितना भण्डार सुरक्षित है?

5. भारतीय रेल्वे में कितने कर्मचारी नियोजित हैं ?

उत्तर-1.लौह-इस्पात उद्योग, 2. आन्दोलनकारियों का दमन, 3. 14 जुलाई, 1969,

4. 21 करोड़ टन, 5. 15.77 लाख। http://www.mpboardonline.com

प्रश्न 3. सत्य/असत्य बताइए-

1. देश का सारा विदेशी व्यापार केवल छः पत्तनों से होता है।

2. मादक पदार्थों के सेवन से व्यक्ति के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव होता है।

3. कृषि प्राथमिक क्षेत्र के अंतर्गत आती है।

4. एगमार्क कृषि संबंधी उत्पादों पर लगाया जाता है।

5. उपभोक्ता प्रत्येक व्यक्ति नहीं होता है।

उत्तर- 1. सत्य, 2.सत्य, 3. सत्य, 4.सत्य, 5. असत्य।

प्रश्न 4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

1. चूहों के द्वारा फैलने वाला रोग ............... है।

2 समानता का अधिकार संविधान में वर्णित ..............में से एक है।

3. भारत का क्षेत्रफल विश्व के क्षेत्रफल का ............. प्रतिशत है।

4. राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना का उद्देश्य ................ का सृजन करना है।

5. अर्थव्यवस्था को ............... क्षेत्रों में विभाजन किया गया है।

उत्तर- 1. प्लेग, 2. मूल अधिकार, 3. 2-4 4. रोजगारों, 5. तीन।

प्रश्न 5. सही जोड़ी मिलाइए-

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| 1. स्वामी विवेकानंद | (क) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद |
| 2. संविधान सभा के अध्यक्ष | (ख) 250 |
| 3. राज्यसभा में सदस्यों की संख्या | (ग) 545 |
| 4. लोकसभा सदस्यों की संख्या | (घ) निर्मल नीर योजना |
| 5. सिंचाई योजना | (ङ) रामकृष्ण मिशन। |

उत्तर- 1. (ङ), 2. (क), 3. (ख), 4. (ग), 5. (घ)।

## खण्ड 'ब'

प्रश्न 6. वन महोत्सव कार्यक्रम क्या है?

अथवा, वितरण के आधार पर भारतीय वनों के प्रकार बताइए।

प्रश्न 7. सहायक सन्धि व्यवस्था क्या थी ? इसको किसने लागू किया था?

अथवा, उग्र राष्ट्रवाद विचारधारा के दो नेताओं के नाम लिखिए।

प्रश्न 8. राष्ट्रीय आय क्या है व इसे कैसे ज्ञात किया जाता है ? लिखिए।

अथवा, प्रति व्यक्ति आय क्या है ? इसकी गणना का सूत्र लिखिए।

प्रश्न 9. द्वितीयक क्षेत्र का उदाहरण देकर समझाइए।

अथवा, सेवा-क्षेत्र क्या है ?

प्रश्न 10. मिलावट का अर्थ क्या होता है ?

अथवा, उपभोक्ता शोषण के कोई दो प्रकार बताइये।

प्रश्न 11. वन संरक्षण के उपाय लिखिए।

अथवा, दिसम्बर, 1988 की वन नीति की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

प्रश्न 12. हरित क्रान्ति की मुख्य विशेषताएँ क्या हैं ?

अथवा, भारतीय कृषि की प्रमुख समस्याओं का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 13. ब्रिटिश सरकार द्वारा उठाए गये समाज सुधार के कार्यों से भारतीय क्यों असंतुष्ट थे ?

अथवा, सन् 1857 की क्रान्ति के तीन कारणों का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न 14. अंग्रेजों की आर्थिक शोषण नीति ने भारतीय कुटीर उद्योग को किस प्रकार प्रभावित किया? अपने उत्तर को उदाहरण देकर समझाइये।

अथवा, भारत में राष्ट्रीय जागृति के विकास में पश्चिमी विचारों और शिक्षा ने क्या भूमिका निभाई?

प्रश्न 15. आकार के आधार पर उद्योगों के कितने प्रकार हैं? किन्हीं दो का वर्णन कीजिए।

अथवा, सूती वस्त्र उद्योगों की क्या समस्याएँ हैं?

प्रश्न 16. संचार से क्या आशय है? इसके साधनों को संक्षेप में समझाइए।

अथवा, परिवहन से क्या आशय है ? इसके साधनों को संक्षेप में समझाइए।

प्रश्न 17. 'प्राकृतिक आपदाओं के लिए वनों का विदोहन उत्तरदायी है' समझाइए।

अथवा, आपदा प्रबंधन से क्या आशय है ? आपदा प्रबंधन के मुख्य तत्व बताइए।

प्रश्न 18. साइमन कमीशन कब और क्यों भेजा गया था ? इसका भारतीयों द्वारा विरोध क्यों किया गया? http://www.mpboardonline.com

अथवा, रोलेट एक्ट क्या था ?

प्रश्न 19. भारत सरकार ने पाकिस्तान सरकार से कबालियों का मार्ग बंद करने को क्यों कहा था ? लिखिए।

अथवा, महाराज हरिसिंह ने भारत सरकार से सहायता कब और क्यों माँगी थी?

प्रश्न 20. समाजवादी एवं पंथ-निरपेक्षता का आशय समझाइये।

अथवा, भारतीय नागरिकों को मौलिक कर्तव्यों का पालन क्यों करना चाहिए?

प्रश्न 21. वैश्वीकरण क्या है ? इससे उत्पन्न समस्याओं का वर्णन कीजिए।

अथवा, बहुराष्ट्रीय कम्पनियों से आप क्या समझते हैं ?

प्रश्न 22. भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए

(i) अरावली, (ii) नीलगिरि, (iii) नर्मदा नदी, (iv) काजीरंगा, (५) कर्क रेखा।

अथवा, निम्नलिखित को संकेत चिन्हों के रूप में दर्शाइए-

(i) फुहार, (ii) धुन्ध, (iii) घने बादल, (iv) शांत, (v) प्रबल समीर।

प्रश्न 23. क्रांतिकारी आन्दोलनों का भारत की स्वतंत्रता के इतिहास में महत्व स्पष्ट कीजिए।

अथवा, भारत छोड़ो आंदोलन कब शुरू हुआ था ? भारतीय स्वतंत्रता के इतिहास में इसका महत्व लिखिए। http://www.mpboardonline.com

प्रश्न 24. कश्मीर समस्या क्या है ? विस्तार से समझाइए।

अथवा, सन् 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के परिणाम लिखिए।

प्रश्न 25. सर्वोच्च न्यायालय की शक्तियों एवं कर्तव्यों का वर्णन कीजिए।

अथवा, पंचायतीराज व्यवस्था को समझाते हुए स्थानीय संस्थाओं के कार्यों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 26. प्रजातंत्र की सफलता में बाधक पाँच तत्वों को लिखिए।

अथवा, जनसंख्या विस्फोट का समाज पर क्या प्रभाव पड़ता है ? समझाइए।